़ान का रिजर्वेशन बंद

ण नहीं, दीक्षाभूमि एक्सप्रेस में तत्काल हुआ लागू

वनांचल में स्लीपर की 16 सीट कम होगी, एसी कोच में बढ़ेंगी

- भागलपुर से 20 व रांची से 21 जुलाई से एलएचबी रैक से चलेगी, घटेगा एक स्लीपर कोच
- आठ के बदले अब स्लीपर में जुड़ेंगे सात कोच, कोच संयोजन में बदलाव से बदल जाएंगी सीटें

जागरण संवाददाता, धनबाद : रांची से भागलपुर जानेवाली वनांचल एक्सप्रेस अब एलएचबी रैक से चलेगी। रेलवे ने 20 जुलाई से इस ट्रेन को पुराने आइसीएफ रैक के बदले लाल रंग के एलएचबी रैक से चलाने की घोषणा की है। 13404 भागलपुर-रांची वनांचल एक्सप्रेस 20 जुलाई व 13403 रांची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस में 21 जुलाई से बदलाव होगा। एलएचबी रैक से चलने वाली ट्रेन में स्लीपर का एक कोच कम हो जाएगा। आठ के बदले सात स्लीपर कोच जुड़ेंगे। इससे स्लीपर की 16 सीटें कम हो जाएंगी। थर्ड एसी की 24 व सेकेंड एसी की 16 सीटों में बढ़ोतरी होगी। कोच संयोजन में बदलाव से पहले से बुक करा चुके यात्रियों की सीटों में भी फेरबदल होगा।

एस-8 के यात्री किए जाएंगे अलग-अलग कोच में समायोजित : इस ट्रेन में स्लीपर का एस-8 कोच नहीं जुड़ेगा। वैसे यात्री जिनका एस-8 में पहले से टिकट बुक है, उन्हें दूसरे कोच में एडजस्ट कराया जाएगा। अंतिम आरक्षण चार्ट तैयार होने पर यात्रियों को एसएमएस कर सूचना दी जाएगी।

खास बातें

- आइसीएफ रैक में स्लीपर में 72 सीटें होती हैं। वर्तमान में आठ स्लीपर होने से इस श्रेणी की 576 सीटें हैं।
- एलएचबी रैक में स्लीपर में 80 सीटें होती हैं। सात स्लीपर कोच जुड़ने से 560 सीटें होंगी। 16 सीटें कम हो जाएंगी।
- एलएसएलआरडी कोच में सामान्य श्रेणी की 37 से 46 सीटें उपलब्ध होंगी।
- थर्ड एसी के तीच कोच में अभी 192 सीटें हैं। अब 216 सीटें होंगी। 24 सीटें बढ़ेंगी।
- सेकेंड एसी के दो कोच में अभी 92 सीटें हैं। अब 108 सीटें होंगी। 16 सीटों की बढ़ोतरी होगी।

ऐसे होगा बदलाव

- अभी जनरल के पांच, स्लीपर के आठ, थर्ड एसी के तीन व सेकेंड एसी के दो कोच जुड़े हैं। दो एसएलआर कोच भी जुड़े हैं।
- एलएचबी रैक जुड़ने से जनरल के पांच, स्लीपर के सात, थर्ड एसी के तीन व सेकेंड एसी के दो कोच जुड़ेंगे। इसके साथ ही एलएसएलआरडी व एलडब्ल्यूएलआरआरएम के एक-एक कोच जुड़ेंगे।

जम्मूतवी एक्सप्रेस

60 मिनट लेट से चलेगी।

- एक अगस्त को चलने वाली 13152 जम्मूतवी- कोलकाता एक्सप्रेस जम्मूतवी से 120 मिनट लेट, दो व तीन अगस्त को 240 मिनट लेट व चार अगस्त को 360 मिनट लेट से चलेगी।

P.K. GROUP OF INSTITUTIONS
MATHURA (U.P.)
Courses Approved by AICTE/ UGC
Faculty of Engineering & Technology:
POLYTECHNIC
B.TECH
M.TECH
(Lateral Entry in Diploma & B.Tech)
ADMISSION OPEN
2024-25
अपने करियर की मजबूत नींव रखिए हमारे साथ
प्राइवेट कंपनी/ प्राइवेट सेक्टर में कार्यरत कर्मचारी हमारे संस्थान से इंजीनियरिंग कोर्स पूर्ण कर पदोन्नति हेतु अवसर प्राप्त कर सकते हैं। सीट सीमित है प्रवेश हेतु शीघ्र संपर्क करें।

Campus: Hathras Road, Sonai, Mathura (U.P.)
Mob.: +91-9897379333
www.pkuniversity.edu.in

जज हत्याकांड के आरोपितों के वाट्सएप में कुछ भी संदिग्ध नहीं

राज्य ब्यूरो, जागरण. रांची : झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस डा. बीआर सारंगी व जस्टिस एसएन प्रसाद की खंडपीठ में धनबाद के जज उत्तम आनंद हत्याकांड में मामले में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सीबीआइ की ओर से बताया गया कि मामले में दोनों आरोपित के वाट्सएप चैट में किसी प्रकार की संदिग्ध बातचीत के सबूत नहीं मिले हैं। इसपर अदालत ने इसे शपथ पत्र के माध्यम से अदालत में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। पूर्व में सीबीआइ की ओर से अदालत को बताया गया था कि घटना में शामिल दोनों आरोपितों के वाट्सएप चैट को वापस लेने के लिए गृह मंत्रालय के जरिए इंटरपोल से मदद मांगी गई थी, क्योंकि वाट्सएप का मुख्यालय अमेरिका में है। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने वाट्सएप चैट के बारे में अद्यतन जानकारी सीबीआइ से मांगी थी। सुनवाई के दौरान सीबीआइ की ओर से अदालत को बताया गया कि गृह मंत्रालय से रिपोर्ट आ चुकी है। दोनों की ओर से वाट्सएप पर कोई संदिग्ध बातचीत नहीं मिली है। बता दें कि जज उत्तम आनंद हत्याकांड में हाई कोर्ट स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहा है। मार्निंग वाक के दौरान एक आटो वाले ने जज उत्तम आनंद को पीछे से टक्कर मार दी थी। उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। धनबाद सीबीआइ कोर्ट ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

बीसीसीएल BCCL
भारत कोकिंग कोल लिमिटेड
(एक मिनीरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अंग)
आज़ादी का अमृत महोत्सव

रुचि की अभिव्यक्ति के लिए सूचना

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड वित्तीय 2024-25 में किराए के आधार पर मोबाईल मेडिकल वैन (एमएमवी) के माध्यम से अपनी परियोजना, क्षेत्रों और मुख्यालय में 'चिकित्सा शिविर' के निष्पादन के लिए पात्र बाहरी कार्यान्वयन एजेन्सियों (एमसीए द्वारा सामान्य परिपत्र सं. 14/2021 दिनांक 25/08/2021 के तहत सी एस आर पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों का संदर्भ भाग 5.2) से आवेदन आमंत्रित कर रहा है। परियोजना के लिए विस्तृत आवश्यकताएं बीसीसीएल की वेबसाइट https://www.bcclweb.in/?page_id=3678&lang=en पर प्रदर्शित की गई है।

1st GENETIC CENTRE IN JHARKHAND
डॉ. शिवानी-शिशु
फीटल मेडिसिन एंड जेनेटिक्स सुपर स्पेशियलिटी सेंटर
जेनेटिक्स, अल्ट्रासाउंड, फीटल मेडिसिन
गर्भ में भ्रूण की जांच, थैलेसीमिया
हाई रिस्क प्रेगनेन्सी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
समय बुधवार, शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक
सोमवार, मंगलवार एवं बृहस्पतिवार सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक
श्री कल्याणी प्लाजा, बलियापुर रोड, कोलाकुसमा, धनबाद
9241039670